संख्या-78/653/84-डे0ई0-14-01चिकित्सा/14

प्रेषक,

शिव शंकर द्विवेदी,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कोषाधिकारी,
जवाहर भवन, लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 08 जुलाई, 2014

विषय:- श्री जगन्नाथ प्रसाद यादव, सेवानिवृत्त समीक्षा अधिकारी, उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डेस्क इकाई द्वारा स्वयं के उपचार पर व्यय हुयी धनराशि की चिकित्सा प्रतिपूर्ति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री जगन्नाथ प्रसाद यादव, सेवानिवृत्त समीक्षा अधिकारी, उपभोक्ता सरक्षण एवं बॉट माप डेस्क इकाई उ0प्र0 सचिवालय को उ0प्र0 सरकारी सेवक (चिकित्सा परिचर्या) नियमावली 2011 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत उनके द्वारा स्वयं के उपचार दिनांक 14 अक्टूबर, 2013 से दिनांक 10 फरवरी, 2014 व्यय हुयी धनराशि रू0 37,776.00 (रूपये सैतीस हजार सात सौ छिहत्तर मात्र) के सापेक्ष संस्तुत धनराशि रू0 35074.00 (रूपये पैंतीस हजार चौहत्तर मात्र) प्रतिपूर्ति/भुगतान की स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है। (मूल बिल बाउचर्स संलग्न कर प्रेषित है)।

2- उपरोक्त स्वीकृति के फलस्वरूप आने वाला व्यय भार को वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-62 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2071-पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्तिक हित लाभ-आयोजनेत्तर-01-सिविल-800-अन्य व्यय-04-राज्य सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों तथा राज्य सरकार के अधीन सेवानिवृत्त अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों व उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के विशेष चिकित्सा उपचार हेतु सहायता-0402 दिनांक 08 नवम्बर, 2000 के पश्चात् सेवानिवृत्त कर्मचारियों व अधिकारियों तथा उनके अश्रितों की विशेष चिकित्सा उपचार हेतु सहायता-49 चिकित्सा व्यय" के नामे डाला जायेगा।

संल्ग्न::यथोपरि

भवदीय,

( शिव शंकर द्विवेदी )
अनु सचिव।

संख्या-78(1)/653/84-डे0ई0-14तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- श्री जगन्नाथ प्रसाद यादव, सेवानिवृत्त समीक्षा अधिकारी, ग्राम-खुर्दाबाद म0नं0-448,पो0आफिस साहबगंज, कोतवाली, मीरगंज(चौक) फैजाबाद।
3- कार्यालय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,

( शिव शंकर द्विवेदी)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/

http://shasanadesh.up.nic.in/